## न्यूज़ ब्रीफ

### सुना घर देख पड़ोसी के घर की थी चोरी, दंपत्ति गिरफ्तार

**खरगोन।** जिले के बैडिया के सुने मकान में हुई चोरी मामले का पुलिस ने महज 36 घंटे में ही पटाक्षेप करने में सफलता हासिल की है। यह चोरी किसी ओर ने नही बल्कि फरियादी के पड़ोसी ने ही की थी। पुलिस ने पड़ोसी दंपत्ति को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का मश्रुका जब्त किया है। पुलिस से मिली



जानकारी अनुसार 29 मार्च को ब्रीज के पास निवासी ने सूचना दी की 28 मार्च को अपने परिवार सहित कार्यक्रम में गए थे। शाम को घर लौटने पर सोने-चांदी के आभूषण व नगदी 4000 हजार रुपए गायब मिले। उनके घर से चोरी हुए आभूषणों की कीमत 1, 28 हजार रुपए आंकी गई थी। पुलिस टीम गठित कर चोरों की तलाश शुरु की। संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए। जिसके आधार पर पड़ोस में रहने वाले संदेही जैन पिता देवराम निवासी डाल्याखेड़ी और उसकी पत्नि सोनु उर्फ माया पति जैन को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने उक्त चोरी को कारित करना स्वीकार किया। इनके कब्जे से चोरी का मश्रुका भी जब्त किया गया।

### सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री देवड़ा सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी पेंशन महासंघ के जिलाध्यक्ष निर्वाचित



**खरगोन।** सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी पेंशन महासंघ की जिला निर्वाचन बैठक गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित की गई। निर्वाचन के दौरान सेवानिवृत्त पीजी कॉलेज प्राचार्य आरएस देवड़ा को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पीएन तिवारी, प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप इंगले, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती निर्मला रोकड़े तथा प्रदेश प्रचार मंत्री महेंद्र पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।
निर्वाचन अधिकारी दिलीप इंगले ने सर्वसम्मति से पूर्व प्राचार्य श्री देवड़ा के जिलाध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। इस दौरान सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक अशोक जोशी को सचिव चुना गया। जगदीश भावसार को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिले के सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की सुदृढ़ता एवं पेंशनर्स के हितों के संरक्षण हेतु सतत कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

### सूखे कंठो को मिलेगी राहत जल मंदिर का हुआ शुभारंभ



**खरगोन।** निमाड़ की भीषण गर्मी से सूखे कंठों को राहत देने के लिए अपने सेवा कार्यों के सरोकार को अमली जामा पहनाते हुए आर्ची सोश्यल वेलफेयर फॉउंडेशन ने आमजन हेतु शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ का शुभारंभ किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम टेमला में सार्वजनिक प्याऊ.जल मंदिर का शुभारंभ मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ज़िला समन्वयक विजय शर्मा, मोनिका नामदेव, मेंटर गुंजन गडकरी ने किया। इस अवसर पर फाउण्डेशन की अध्यक्ष श्रीमति रानी पाटीदार, सचिव सुश्री आर्ची पाटीदार, समाजसेवी राजेश भावसार, वरिष्ठ पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता तरुण सोनी, प्रस्फुटन समिति टेमला के अध्यक्ष वासुदेव पाटीदार, उपाध्यक्ष दिनेश पाटीदार सहित समिति सदस्य देवदास पाटीदार, राधेश्याम पाटीदार, दिनेश पाटीदार, कु. अभिति पाटीदार आदि उपस्थित थे।

# हड्डी मील जगनपुर के रहवासियों ने घेरा कलेक्ट्रेट, भू-माफिया पर मकान तोड़ने की धमकी देने का आरोप

**पीपुल्स प्रवक्ता, गुना।**



गुना शहर के वार्ड क्रमांक 21 स्थित हड्डी मील, जगनपुर क्षेत्र के दर्जनों परिवारों के आशियानों पर संकट के बादल छा गए हैं। मंगलवार को बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर जनसुनवाई में अपनी व्यथा सुनाई। रहवासियों का आरोप है कि एक निजी निर्माण कंपनी और कालोनाइजर द्वारा उनके 15-20 साल पुराने मकानों को जबरन तोडऩे का प्रयास किया जा रहा है और उन्हें बेघर करने की धमकियां दी जा रही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर किशोर कन्याल ने पीड़ितों को आश्वस्त किया है कि किसी का भी मकान नहीं टूटने दिया जाएगा और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।
शिकायत लेकर पहुंचे रहवासी ब्रजेश सिंह ने बताया कि वे लोग पिछले दो दशकों से यहां निवास कर रहे हैं। ग्वालियर की एक निजी कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी आए दिन उनके घरों में घुसकर झंडे गाड़ रहे हैं और बिना किसी वैध कागजात के जमीन खाली करने का दबाव बना रहे हैं। ब्रजेश सिंह के अनुसार, जब रहवासी उनसे तहसीलदार के आदेश या रजिस्ट्री मांगते हैं, तो उन्हें डराया-धमकाया जाता है। उल्लेखनीय है कि इसी समूह पर हाल ही में पास की प्रधानमंत्री आवास योजना की बाउंड्रीवॉल तोडऩे का भी आरोप लगा है। रहवासियों का कहना है कि यह जमीन सरकारी है और उनमें से कुछ के पास पट्टे भी हैं, साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के लिए भी पूर्व में आवेदन कर रखा है। कलेक्टर को सौंपे गए शिकायती आवेदन में रेखा, अफरोज, सरिता, बीबाबानो, फिजा, सुमनत्रा और रिहान खान सहित समस्त मोहल्लेवासियों ने मांग की है कि पूर्व में निर्धारित खेत की मेढ़ के अनुसार ही बाउंड्री का निर्माण किया जाए ताकि उनके मकान सुरक्षित रह सकें। पीड़ितों ने बताया कि उनके परिवारों में कई सदस्य विकलांग और अत्यंत गरीब हैं, जो मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। यदि उनके मकानों पर बुलडोजर चलता है, तो उनके पास रहने के लिए कोई अन्य विकल्प नहीं बचेगा। कलेक्टर के आश्वासन के बाद रहवासियों ने राहत की सांस ली है, हालांकि क्षेत्र में भू-माफिया की सक्रियता को लेकर अब भी तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## क्रॉप्टन फैक्ट्री फायरिंग कांड का खुलासा

# सिक्योरिटी गार्ड को गोली मारने वाले आरोपी गिरफ्तार



**पीपुल्स प्रवक्ता, भिण्ड/मालनपुर।**

क्रॉप्टन फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड पर जानलेवा फायरिंग करने वाले आरोपियों को मालनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 11 मार्च 2026 की रात्रि में तीन अज्ञात बदमाश मुंह बांधकर एक मोटरसाइकिल से क्रॉप्टन फैक्ट्री पहुंचे। आरोपियों ने गार्ड रूम की खिड़की के बाहर से फायरिंग की, जिसमें कुर्सी पर बैठे सिक्योरिटी गार्ड माजिद अली के सिर के पीछे गोली लग गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इस संबंध में थाना मालनपुर में अपराध क्रमांक 31/2026 धारा 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इस वारदात में कुल चार आरोपी शामिल थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक भिण्ड डॉ. असित यादव तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार पाठक द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) गोहद महेन्द्र गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मालनपुर प्रदीप कुमार सोनी के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

# कलेक्टर बनें सहारा, दिव्यांग के दर्द को समझा, चेहरे पर आई रौनक



**पीपुल्स प्रवक्ता, गुना।**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। आज इस दौरान लगभग 145 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषक दुबे, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, डिप्टी कलेक्टर सुश्री महिमा चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। । आज जनसुनवाई में ग्राम सिरसी खुर्द तहसील गुना निवासी 50त्न अस्थिबाधित दिव्यांग श्री संतोष चिडार ने कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को ट्रायसाइकिल की मांग संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।

## करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग और तपस्या का प्रतीक है, स्थापना दिवस : जिलाध्यक्ष ब्राह्मणे

# 6 अप्रैल को उत्सव में रुप में मनाएं पार्टी का स्थापना दिवस : प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा

**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस सहित आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला स्तरीय अपेक्षित पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं की बैठक आहुत की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे ने की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बंटी तंवर मंचासीन रहे। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं से पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल उत्साह के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी बूथों पर ध्वजारोहण करने, महापुरुषों को याद करने और सामाजिक कार्यो के माध्यम से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के अपील की, ताकि इसे उत्सव के रूप में मनाया जा सके। ध्वजारोहण में परिवारों करें आमंत्रित जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग और तपस्या का प्रतीक है। स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक मण्डल और बूथ पर ध्वजारोहण के साथ-साथ सेवा कार्यो का आयोजन किया जाए। सरकार की जनहितैषी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना ही इस दिवस का वास्तविक उद्देश्य है। विधायक श्री पाटीदार ने कहा कि भाजपा नीति, नियत और सकारात्मक सोच के साथ काम कर रही है। यही कारण है कि जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। आज हमारी सरकार 18 राज्यों में है। हमारी रीति-नियत और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से जिन राज्यों में भी सरकार बनी वहां लगातार जनता ने हर चुनाव में समर्थन किया। केंद्र में भी तीसरी बार सरकार चुनी गई। पार्टी के कार्यक्रमों और कार्यकर्ताओं के कारण जनता से पार्टी जुड़ी रहती है। आगामी कार्यक्रम में भी कार्यकर्ता उत्सव के रुप में कार्यक्रमों को मनाएं। बैठक को महेश्वर विधायक श्री मेव ने भी संबोधित किया। संचालन कार्यालय मंत्री विजय पटेल ने किया। भाजपा मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान करीब 9 मंडलों में मन की बात कार्यक्रम में 100 प्रतिशत रिपोर्टिंग करने वाले मंडल अध्यक्षों का प्रदेश उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, विधायकों ने सम्मान कर प्रोत्साहित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि अन्य मंडल अध्यक्ष भी अपने-अपने मंडलों में पार्टी के कार्यक्रमों में सक्रियता से जुटे रहे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष शंभू सिंह मनहर, जिला उपाध्यक्ष प्रभा राठौर, जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया, महामंत्री विवेक भटोरे, महामंत्री प्रकाश पाटीदार, महामंत्री हरेसिंह चावड़ा, कोषाध्यक्ष भीमसिंह ठाकुर सहित मंडल अध्यक्ष आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



# सिटी कोतवाली भिण्ड पुलिस की बड़ी कार्रवाई दहशत फैलाने वाला अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**पीपुल्स प्रवक्ता, भिण्ड।**

शहर में दहशत फैलाकर अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 30 मार्च 2026 को फरियादिया ने थाना सिटी कोतवाली में सूचना दी कि रुपये के लेन-देन के विवाद में मेहगांव के कुछ लोगों ने उसके घर के सामने सड़क पर हवाई फायरिंग की और उसके पति व जेठ को जबरन कार में डालकर अपहरण कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने अपराध क्रमांक 147/26 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं पुलिस



अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन राजपूत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने शहर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा मौके से हवाई फायरिंग में उपयोग हुए खाली खोखे जब्त किए। साथ ही लगातार तलाशी और नाकाबंदी की गई। पुलिस दबाव के चलते आरोपी अपहृत व्यक्तियों को छोड़कर फरार हो गए, जिसके बाद पुलिस ने दोनों अपहृत–रमेश सोनी और राजेश सोनी–को सुरक्षित बरामद कर लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को मेला ग्राउंड के बाहर से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का देशी कट्टा भी जब्त किया गया है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की संभावना है।

# नशे के खिलाफ सख्त एक्शन का रोडमैप तैयार : सीमावर्ती गुना में तस्करी रोकने सभी विभागों को अलर्ट

**पीपुल्स प्रवक्ता, गुना।**

गुना जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम और विभागीय समन्वय को मजबूत करने के लिए जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने साफ निर्देश दिए कि जिले में मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त, तस्करी और उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण गुना में तस्करी की आशंका को देखते हुए कड़ी निगरानी और सतर्कता बरतने को कहा गया। वहीं सामाजिक न्याय विभाग को नशामुक्ति के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। आबकारी विभाग को गश्त बढ़ाकर अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई करने के लिए कहा गया। सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करने पर जोर दिया गया। बैठक में मादक पदार्थों से जुड़ी सूचनाओं के आदान-प्रदान, अफीम और भांग की अवैध खेती पर निगरानी, अंतरराज्यीय मामलों की जांच और स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता बढ़ाने जैसे मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी बैठक में सभी विभाग अपनी कार्रवाई की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करें और स्पष्ट एजेंडा के साथ तैयारी करें। साथ ही एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के पालन, नशा मुक्ति केंद्रों के निरीक्षण और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।




# एनटीपीसी खरगोन ने गर्व और सामुदायिक सहभागिता के साथ मनाया गया 11वां स्थापना दिवस



**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**

एनटीपीसी ने अपना 11वां स्थापना दिवस उत्साह और एकजुटता की भावना के साथ मनाया। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसने पूरे दिन को गर्व और उपलब्धियों के चिंतन से भर दिया। इस अवसर पर टाउनशिप में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। इसमें विभिन्न प्रतिभाओं और योगदानों को सम्मानित किया गया। हिंदी स्वरचित कविता प्रतियोगिता के विजेताओं को उनकी रचनात्मकता के लिए पुरस्कृत किया गया, वहीं रंग.ए.निमाड़ मेला में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। समारोह का उत्साह केक कटिंग और गुब्बारा उड़ान के साथ आगे बढ़ाए जो भविष्य की आकांक्षाओं और विकास का प्रतीक रहा। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री मोहन वी बीयूएच ने स्टेशन की प्रमुख उपलब्धियों और मील के पत्थरों को रेखांकित करते हुए कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। समारोह को समाज से जोड़ते हुए, एनटीपीसी खरगोन ने अपने सीएसआर पहल के अंतर्गत सामुदायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। लगभग 17.38 लाख मूल्य के स्कूल फर्नीचर. जिनमें कुर्सियाँ, टेबल, अलमारी और बेंच शामिल हैं। डालची मिडिल स्कूल, नूरुफाल्या शासकीय विद्यालय और सेल्दा शासकीय विद्यालय को वितरित किए गए, जिससे शैक्षणिक अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जा सके। इसके अतिरिक्त पीएवीएस के नन्हें कदम के बच्चों को खेल सामग्री वितरित की गई, जिससे उनके समग्र विकास को बढ़ावा मिले और उनके चेहरे पर खुशी की मुस्कान आए।

## हजारों पत्रकारों की मौजूदगी में एकता का प्रदर्शन, सरकार को मांगें मानने का अल्टीमेटम

# खरगोन में प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन

**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**

मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के तत्वावधान में शहर में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन ने पत्रकार एकता और संगठन की ताकत का बड़ा संदेश दिया। सम्मेलन में प्रदेशभर से हजारों पत्रकारों ने भाग लेकर पत्रकार हितों की लड़ाई को मजबूत करने का संकल्प लिया। महासम्मेलन में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया ने कहा कि यह आयोजन सरकार को पत्रकारों की एकजुटता का अहसास कराने के लिए किया गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार अब भी नहीं चेती, तो पत्रकारों की अनदेखी भारी पड़ सकती है।

**पत्रकारों के मुद्दों पर गहन मंथन**

प्रदेश उपाध्यक्ष परसराम चौहान, संभाग अध्यक्ष विजय मोरे और जिला महासचिव मनीष मडाहर ने बताया कि सम्मेलन में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, आवास और अन्य मूलभूत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि चाहे किसी भी दल की सरकार रही हो, पत्रकारों के हितों की लगातार अनदेखी हुई है।




सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जब-जब पत्रकारों पर संकट आया है, तब-तब समाज पर भी खतरा मंडराया है। वर्तमान समय में कलमकार सुविधाओं से वंचित होकर असुरक्षा के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ को इन मुद्दों पर आंदोलनात्मक कदम उठाने की आवश्यकता है।

**21 सूत्रीय मांगें, 'हल्ला बोल' की तैयारी**

जिलाध्यक्ष सदाशिव वर्मा ने जानकारी दी कि संगठन द्वारा 21 सूत्रीय मांगें रखी गई हैं, जिनमें से 18 को सरकार ने स्वीकृति दी है, जबकि शेष प्रमुख मांगों में पत्रकार सुरक्षा कानून, वन वापसी, प्रत्येक जिले में पत्रकार भवन और आवास व्यवस्था शामिल हैं। इन मांगों को लेकर 1 मई को भोपाल में 'हल्ला बोल' कार्यक्रम आयोजित कर सरकार पर दबाव बनाया जाएगा।

**अतिथियों ने भी उठाई सुरक्षा की मांग**

कार्यक्रम में कसरावद विधायक सचिन यादव, सीएमडी एल.एन. मालवीय, पद्मश्री जगदीश जोशीला सहित प्रदेशभर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एल.एन. मालवीय ने पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। विधायक सचिन यादव ने कहा कि पत्रकार दिन-रात काम कर समाज के सामने सच्चाई लाते हैं, लेकिन वर्तमान में उन पर दबाव बढ़ता जा रहा है। उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि देश और प्रदेश में पत्रकारों पर हमले, धमकियां और झूठे मुकदमे बढ़ रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है।

**नहीं मानी मांगें तो चरणबद्ध आंदोलन**

प्रदेश अध्यक्ष भदौरिया ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं की गई, तो पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी पोस्टकार्ड अभियान के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कार्यक्रम में मनोज रघुवंशी, सुनील शर्मा, राधेश्याम पाटीदार, संजय पाराशर, संदीप मड़ाहर, नीरज ठक्कर, शुभम बगलाने, पप्पू ठक्कर, आवेश परसाई और प्रवीण पाल सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। अंत में संभाग अध्यक्ष विजय मोरे ने सभी का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन ने स्पष्ट कर दिया कि पत्रकार अब अपने अधिकारों को लेकर संगठित हैं और जरूरत पड़ी तो बड़े स्तर पर आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे।